NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/85/21 Date : 5.3.2021

श्रीमान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि0)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– निर्माण विभाग में 4 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारी का स्थानान्तरण।

संदर्भ :–(1) उप मु. कार्मिक अधिकारी (नि.) का पत्र संख्या 136-E/Dy.CPO/C/NG/Rotational/Transfer दिनांक 10.2.2021

(2) उप मु. ईंजी. (नि.–1), प्रयागराज का पत्र संख्या 31–ई/उप मु0 इंजी0/नि0/प्रयागराज दिनांक 23.2.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रो के द्वारा निर्माण विभाग में 4 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारी की सूची जारी कर विकल्प के रूप में तीन स्टेशनो के नाम मांगे गये है ताकि स्थानान्तरण किया जा सके, जो उचित एवं न्याय संगत नही है।

NCRES का अनुरोध है कि निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाय।

- निर्माण विभाग द्वारा जो कार्य कराये जाते है, वो महत्वपूर्ण एवं निर्धारित समय में पूरा करने होते है, इसलिये निर्माण विभाग में कार्यरत प्यून से लेकर सुपरवाइजर तक के सभी कर्मचारी बिना समय की परवाह किये (रात–दिन) पूरी तन्मयता से लगकर कार्य को पूरा करते है, और एक कार्य पूरा होने पर दूसरे कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिये Depute कर दिये जाते है।

- इस प्रकार निर्माण विभाग में वर्षो कार्य करने वाला कर्मचारी एक ही कार्य के लिये लगातार चार वर्ष एक ही स्टेशन पर नही रहता और न ही एक ही तरह के व्यक्ति के सम्पर्क में आता है, इसके अलावा निर्माण विभाग के सुपरवाइजर के पास कोई स्टोर भी नही होता।

- उपरोक्त स्थिति के कारण ही पूर्व में निर्माण विभाग में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारी के पदो को संवेदनशील की श्रेणी में न मानते हुये उनका स्थानान्तरण प्रत्येक चार वर्ष बाद नही किया गया। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (नि0), प्रयागराज के पत्र दिनांक 10.2.2021 व उप मु. ईंजी. (नि.–1) प्रयागराज के पत्र दिनांक 23.2.2021 के कारण बिना समय की परवाह किये रात–दिन लगकर कार्य करने वाले कर्मचारियों के मन में बहुत असंतोष है।

- यह भी अवगत कराना है कि उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (नि.) ने अपने पत्र दिनांक 10.2.2021 के अन्त में रेलवे बोर्ड के मास्टर परिपत्र सं0 24 का जिक्र कर चार वर्ष से अधिक एक ही स्टेशन पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से 3 विकल्प मांगा है ताकि उनका स्थानान्तरण किया जा सके। इस सम्बन्ध में NCRES को स्पष्ट करना है कि निर्माण विभाग के कर्मचारी निर्धारित समय में अपना कार्य पूराकर दूसरी जगह कार्य करने चले जाते है। इस प्रकार निर्माण विभाग के कर्मचारी लगातार चार वर्ष एक ही स्थान पर कार्य ही नही करते।

अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के निर्माण विभाग में कार्यरत अराजपत्रित कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यो के मन में स्थानान्तरण का भय न पैदा होने दिया जाय और पूर्व के समान निर्माण विभाग का कार्य चलने दिया जाय ताकि औद्योगिक शान्ति बरकरार रहे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज